

## एक नजर में

### ज्ञान भारतम अभियान के अंतर्गत पांडुलिपियों का अवलोकन किया

**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा भारतवर्ष के प्राचीन ज्ञान के अथाह भंडार को सहेजने, सुरक्षित रखने के साथ ही उस ज्ञान से आमजन को परिचित कराने की दृष्टि से प्रारम्भ किए गए ज्ञान भारतम अभियान के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी शुभम पाटीदार एवं पुरातत्व विभाग के प्रमुख अधिकारी उत्कर्ष सिंह ने बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर स्थित प्राचीन श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर के पुस्तकालय में रखी अतिप्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि उक्त पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से जु? अनेक प्राचीन ग्रन्थ संग्रहित हैं। यहां सबसे पुराना 390 वर्ष प्राचीन कालिदास द्वारा रचित कुमार संभव की हस्तलिखित प्रति उपलब्ध है। इस अवसर पर ब्रजेश जोशी, राजकुमार जायसवाल व ट्रस्ट अध्यक्ष गोपालकृष्ण पंचारिया उपस्थित थे।

### मन्दसौर नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक 9 जून को

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ नगर इकाई की मासिक मिलन बैठक दिनांक 9 जून 2026, मंगलवार को दोपहर 3 .30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र मन्दसौर पर आयोजित की जा रही हैं। इस बैठक मे वर्ष 2026 की साधारण सभा आयोजन पर चर्चा की जावेगी। शासन द्वारा पेंशनरों की मांगों के पर अनदेखी की जा रही हैं अत: आन्दोलन की रणनीति पर चर्चा के साथ ही सदस्यता व अन्य संगठनात्मक विषय पर चर्चा होगी। महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक रामावत, उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे, जिला सचिव चन्द्रकान्त शर्मा, डे केयर सेंटर समन्वयक डॉ देवेन्द्र पुराणिक, कोषाध्यक्ष कोमल वाणवार, नगर अध्यक्ष आनन्दीलाल पण्डया, नगर सचिव अशोक नागदा, डेकेयर सचिव राजेन्द्र पोरवाल ने मन्दसौर नगर की सभी मोहल्ला इकाई के अध्यक्ष सचिव से आग्रह किया हैं कि वे अपनी इकाई के कार्यकारिणी के सभी बंधुओं को साथ मे लेकर बैठक मे समय पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

### श्री सांवरिया गौशाला में पर्यावरण संरक्षण के लिए हुआ पौधारोपण, 1000 पौधे लगाने का लिया संकल्प



**कुंचडोद।** समीपस्थ ग्राम कुंचडोद स्थित श्री सांवरिया गौशाला में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्ति के उद्देश्य से एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पुनीत कार्य योग गुरु बंसीलाल टांक के सानिध्य और कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अभियान के तहत गौशाला परिसर में प्रकृति को हरा-भरा बनाने के लिए आम, जामुन, चीकू और खिरनी जैसे कई फलदार वृक्षों के साथ-साथ अन्य छायादार पौधों का भी रोपण किया गया। इस सेवा कार्य में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान गौशाला संरक्षक लक्ष्मी नारायण परमार, कार्यकारी अध्यक्ष व मध्य प्रदेश जन परिषद अभियान के दशरथ कुंडेल, पूर्व जनपद सदस्य गोपाल गुजरिया, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण कुंडेल और निर्मल कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही पर्यावरण और गोसेवा के इस कार्य में पप्पू सेन, बलवंत सिंह, लक्ष्मण सिंह सीहोर, जीवराज पालरा, गोसेवक समरथ, प्रहलाद, देवीलाल, राकेश, कमल, प्रभु और गोपाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने श्रमदान किया। इस अवसर पर पूरी टीम ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आगामी बरसात के मौसम में गौशाला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कुल एक हजार पौधे लगाने का सामूहिक संकल्प भी लिया।

## लायंस विजयलक्ष्मी उद्यान का लोकार्पण, पौधे रोपे

**मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय विशेष पर्यावरण संरक्षण अभियान का शनिवार को गरिमापूर्ण और भव्य माहौल में समापन हुआ।**



समापन पर क्लब द्वारा मंदसौर में नव-विकसित 'लायंस विजयलक्ष्मी उपवन' का भव्य लोकार्पण भी मुख्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस विशेष अभियान के तहत लायन साथियों और पर्यावरण प्रेमियों के सक्रिय सहयोग व सहभागिता से कुल 3100 पौधों का रोपण करने का महान संकल्प पूर्ण किया गया, जो क्षेत्र में हरियाली और प्रकृति संतुलन को एक नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश खाद्य एवं ग्रामोद्योग बोर्ड भोपाल के अध्यक्ष पंकज जोशी ने की। इस दौरान लायंस क्लब मंदसौर के अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए क्लब के इस दो दिवसीय महा पौधरोपण अभियान की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि लायंस क्लब सदैव सामाजिक और राष्ट्रीय सरोकारों में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि 'एक पौधा, एक आशा और एक हरित भविष्य की परिकल्पना' को साकार करने के ध्येय के साथ इस बार क्लब ने 3100 पौधों को रोपने और उनके संरक्षण का बी?ा उठाया है। यह लायंस विजयलक्ष्मी उपवन आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु और स्वस्थ वातावरण उपहार में देने का हमारा एक प्रयास है, जिसमें सभी लायन साथियों का समर्पण सराहनीय रहा है। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आज के समय की सबसे ब?ी आवश्यकता है। लायंस क्लब मंदसौर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 3100 पौधों के रोपण का जो महायज्ञ आयोजित किया है, वह न केवल प्रशंसनीय है बल्कि अनुकरणीय भी है। वृक्ष केवल हमें छाया और फल नहीं देते, बल्कि वे हमारे जीवन का आधार हैं। 'लायंस विजयलक्ष्मी उपवन' के रूप में जो अनुपम सौगात आज मंदसौर को मिली है, वह इस नगर की सांसों को शुद्ध रखने का काम करेगी। हम सभी का यह दायित्व है कि हम न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनका एक बालक की तरह संरक्षण भी करें ताकि वे विशाल वृक्ष बनकर समाज का कल्याण कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश खाद्य एवं ग्रामोद्योग भोपाल के अध्यक्ष पंकज जोशी ने कहा कि धरती को हरी-भरी और समृद्ध बनाना प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है।

## त्याग और प्रेम से परिवार चलते हैं स्वार्थ से नहीं : स्वामी सत्यव्रत चैतन्य

**मंदसौर।** पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य जी नर्मदा तट द्वारा रामचरित मानस का वाचन 1 जून से प्रारंभ किया गया है जो 15 जून तक प्रतिदिन प्रात~ 8.30 बजे से 10 बजे तक कथा का वाचन करेंगे।

दिनांक 6 जून 2026, शनिवार को रामचरित मानस शास्त्र का वाचन करते हुए स्वामी सत्यव्रत चैतन्य जी ने बताया कि भगवान राम और माता सीता के साथ अन्य सभी भाई अपनी पत्नीयों के साथ अयोध्या आते है और सभी का जोरदार स्वागत होता है। एक माह बाद भगवान के राम के राज्याभिषेक की घोषणा हो जाती है जिसके बाद मंतरा महारानी कैकई को भडकाती है और मंतरा के कहने पर कैकई महाराज दशरथ से भगवान राम को 14 वर्षो के वनवास पर भेजने का वचन मांगती है पिता के वचन का मान रखते हुए भगवान राम वनवास के लिए स्वत~ तैयार हो जाते है। उनके साथ लक्ष्मण और माता सीता भी जाती है उन्हें अन्य परिजन रोकने का प्रयास करते है लेकिन वे नहीं मानते है और लक्ष्मण प्रण लेते है कि भगवान राम और माता सीता की रक्षा के लिए 14 वर्षो तक सोयेगे नहीं वहीं जब भरत को यह मालूम प?ता है तो वे भी भगवान राम की गद्दी नहीं लेते और अपना राज्याभिषेक भी नहीं करवाते।

स्वामी जी ने बताया कि आज के समय में परिवारों में त्याग और प्रेम खत्म होकर स्वार्थ आ गया तभी परिवार चलते नही।

## सामाजिक संगठनों के साथ नशा मुक्ति शिविर का आयोजन कल

**मन्दसौर।** पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार ने बताया कि समाज में बढ़ते नशे के कारोबार एवं उसके आदि होते युवा जिनको नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में सचेत करने व नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में सचेत करने हेतु नशा मुक्ति शिविर का आयोजन 8 जून, सोमवार को प्रात: 10 से दोप. 12 बज तक गांधी चौराहा पर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में नशे से होने वाले दुष्परिणामों के स्लोगन लिखी हुई तख्तियां से एवं पेंपलेट आम जनता में वितरित किए जाकर नशे से ग्रसित आमजन को सचेत किया जावेगा। पुलिस पेंशनर संघ मध्यप्रदेश सभी से आव्हान करता है कि इस सामाजिक बुराई से समाज को मुक्ति दिलाने के इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में दशपुर जागृति संगठन, जिला धार्मिक उत्सव समिति, राजपूत सिंह सभा, सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया है और भी सामाजिक संगठन जो इस सामाजिक सरोकार के कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान कर सकते हैं आमंत्रित है।

## बालक के सर्वांगीण विकास में पंचकोष की महत्वपूर्ण भूमिका : त्रिलोक तिरोले

**मन्दसौर। जिला ग्रामीण शिक्षा समिति द्वारा आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग, माल्या खेरखे?ा के तृतीय दिवस के विमर्श सत्र में प्रांत प्रमुख त्रिलोक तिरोले, जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष सागरमल मेहता की गरिमामय उपस्थिति रही।**



सत्र को संबोधित करते हुए त्रिलोक तिरोले ने कहा कि बालक के सर्वांगीण विकास में पंचकोष की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय शिक्षा दर्शन के अनुसार मनुष्य का विकास केवल शारीरिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष तथा आनन्दमय कोष के संतुलित विकास से ही पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती की शिक्षा पद्धति पंचकोषीय विकास पर आधारित है तथा इसके लिए विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत शिक्षा, संस्कृत शिक्षा तथा नैतिक-आध्यात्मिक शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाता है। ये विषय बालकों में अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति एवं चरित्र निर्माण का आधार बनते हैं।

सत्र में विद्या भारती के पाँच आधारभूत विषयों- शारीरिक, योग, संगीत, संस्कृत तथा नैतिक-आध्यात्मिक शिक्षा के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्ग में उपस्थित जिला समिति के पदाधिकारियों एवं शिक्षार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उक्त जानकारी माल्या विद्यालय के प्रचार विभाग द्वारा प्रदान की गई।

## लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड की 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी घोषित

- **लायन मनोज मित्तल अध्यक्ष, लायन रितेश गर्ग सचिव, लायन वीरेंद्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष बने**

**मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के वर्ष 2026-27 के आगामी सत्र के लिए टीम सपनो की उ?ान नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। नॉमिनेशन कमेटी के वरिष्ठ लायन सदस्यों ने क्लब की नई टीम की आधिकारिक घोषणा करते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की है।**



वर्तमान लायन अध्यक्ष संजय पारीख एवं सचिव प्रतीक शर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि क्लब की गरिमा और सेवा कार्यों की गौरवशाली परंपरा को आगे ब?ाने के लिए नई ऊर्जावान टीम का चयन किया गया है। नवीन कार्यकारिणी की आधिकारिक सूची अनुसार अध्यक्ष लायन मनोज मित्तल, सचिव लायन रितेश गर्ग, कोषाध्यक्ष लायन वीरेंद्र सिंह चौहान, प्रथम उपाध्यक्ष लायन राजेश आचार्य, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन पंकज सुराणा, ज्वाइंट सेक्रेटरी लायन अमित जैन, टेमर लायन प्रवीण नागर, टेल ट्विस्टर लायन किशोर अग्रवाल, पीआरओ (जनसंपर्क अधिकारी) लायन विनोद उकावत को बनाया गया है। क्लब को प्रशासनिक और वैचारिक मजबूती देने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में वरिष्ठ एवं सक्रिय लायन साथियों को शामिल किया गया है, जिनमें लायन आशीष गुप्ता, लायन रामगोपाल गुप्ता, लायन प्रतीक शर्मा, लायन सीए रितेश पारीख, लायन संदीप जैन, लायन मनोज सेवानी को लिया गया है।

नवीन कार्यकारिणी की घोषणा नॉमिनेशन कमेटी के लायन सुरेश सोमानी, लायन विजय पलो? एवं लायन दीपेश पारीख द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कमेटी के सदस्यों और वर्तमान पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि लायन मनोज मित्तल के कुशल नेतृत्व में लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। क्लब के इस नए मनोनयन पर सभी लायन साथियों, शहर के गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी नई टीम को सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## 20 किलो 860 ग्राम डोडाचूरा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**गरोठ।** थाना गरोठ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 किलो 860 ग्राम डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरिल एवं एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलवीरसिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन गरोठ के समीप फुलखेड़ा मार्ग पर कार्रवाई की। पुलिस ने श्रवणराम विश्नोई (26) निवासी मेलबा, जिला जोधपुर एवं रमेश विश्नोई (24) निवासी फिटकासनी, जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर उनके बैगों से 20.860 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने मादक पदार्थ गरोठ क्षेत्र के चांदखेड़ी खुर्द निवासी महेंद्रसिंह सोलंकी से लाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8/15, 29 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रकरण में एक आरोपी महेंद्रसिंह सोलंकी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# नीमच

## एक नजर में

### मोतियाबिंद चिन्हांकन शिविर 8 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरन में

**नीमच।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद ने बताया कि जिले में मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित करने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रथम शिविर का आयोजन 8 जून 2026 को प्रात: 10 :00 बजे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरन में किया जा रहा है। अंधत्व निवारण समिति के अनुसार शिविर में आंखों से संबंधित समस्त प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जांच के दौरान जो मरीज मोतियाबिंद के संभावित पाए जाएंगे, उनका चिन्हांकन कर शिविर में नि:शुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके साथ ही अन्य नेत्र रोगों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। सीएमएचओ डॉ. प्रसाद ने समस्त जीरन वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं और अभियान को सफल बनाएं।

### आज रविवार को झांझरवाड़ा फीडर का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा

**नीमच।** सहायक यंत्री (शहर) द्वारा बताया गया कि दिनांक 07.06.2026 (रविवार) को बघाना रेल्वे ब्रिज शिफ्टिंग एवं लाईन मेंटेनेंस कार्य होने के कारण 11 केव्ही झांझरवाड़ा फीडर का विद्युत प्रदाय प्रात: 7 :00 बजे से प्रात: 11 :00 बजे तक बंद रहेगा। 11 केव्ही झांझरवाड़ा फीडर बंद रहने से कृष्णा नगर, सिद्धि विनायक कॉलोनी, दुर्गा आईल मील, स्टेडियम, बं नं 59, मण्डी प्रांगण, बं नं 60 का कुछ क्षेत्र, स्वीमिंग पुल का क्षेत्र, बैनीवाल के कुंए तक, रेल्वे फाटव, स्टेशन रोड़, चमड़ा कारखाना, एकता कॉलोनी, अम्बेडकर कॉलोनी, ईदगाह के पिछे, फ्रेन्ड्स कॉलोनी आदि क्षेत्र प्रभावित होगें। आवश्यकतानुसार समय घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है।

### कलेक्टर के निर्देश पर खाती खेड़ा में रोड रेस्टोरेशन कार्य प्रारंभ

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा गत दिवस भगवानपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम खाती खेड़ा में आयोजित जन समस्या निराकरण शिविर में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जल निगम द्वारा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। महाप्रबंधक श्री धीरेंद्र बिजोरिया ने बताया कि ग्राम में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई आंतरिक सड़कों के सुधार कार्य एवं बचे हुए शेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। खाती खेड़ा एवं आसपास के तीनों गांवों में ग्रामीणों की मांग पर यह कार्य हाथ में लिया गया है। जन समस्या निराकरण शिविर में ग्रामीणों द्वारा पाइपलाइन कार्य से क्षतिग्रस्त सड़कों की समस्या रखी गई थी, जिस पर कलेक्टर द्वारा जल निगम को तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में जल निगम ने बिना विलंब कार्य शुरू कर दिया है।



## अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस और संस्था स्थापना दिवस मनाया

**नीमच।** शहर की जानी मानी पर्यावरण को समर्पित संस्था धनवंतरी पौधा बैंक संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर अपनी संस्था का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद नीमच अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, वन मंडल अधिकारी एस के अटोदिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, कृति संस्था अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी, समाजसेवी शैलेंद्र पोरवाल, इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन जिला सचिव रूद्र पाराशर मंचासीन रहे। बालक तनिष्क सक्सेना और बालिका अक्षरा जैन के द्वारा सभी अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।





कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वंतरि जी के पूजन अर्चन से किया गया। संस्था अध्यक्षपुष्पलता सक्सेना ने संस्था की स्थापना और उद्देश्य एवं वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी तथा पर्यावरण शपथ भी करवाई। नगर पालिका अध्यक्ष स्वाती चोपड़ा ने शुद्ध पर्यावरण को आज की महती जरूरत बताते हुए प्लास्टिक पदार्थों के कम से कम उपयोग की अपील की तथा जिला वन मंडल अधिकारी एस के अटोदिया ने कहा कि प्रकृति से ऊपर कोई नहीं है। सभी उपस्थित अतिथियों ने पर्यावरण पर सारगर्भित वक्तव्य दिया संस्था सदस्यों के द्वारा पर्यावरण नाटिका 'बेचारे पेड़' प्रस्तुत की गई। रेखा महेश शर्मा और जम्मू कुमार जैन ने पर्यावरण गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम संयोजक मीना हरित के द्वारा पर्यावरण काव्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण स्लोगन प्रदर्शनी भी गई। दीपक गौड़ सभ्यता गौड़ के द्वारा विधायक दिलीप सिंह परिहार को भेंट करने के लिए पर्यावरण एवं स्वास्थ्य शुभकामना पत्र संस्था अध्यक्ष को सौंपा। संस्था कार्यकारिणी सदस्य संतोष चौधरी द्वारा उपयोगी पौधों की सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई। आमों की विशेष खेती करने वाले जगदीश पाटीदार एवं जगदीश्वर पाटीदार का सम्मान भी संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम व्यवस्थापक महेंद्र त्रिवेदी, बंटू जी बाफना एवं संयोजक विद्या त्रिवेदी ने पर्यावरण जागरूकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ साधना सेवक एवं सरोज गांधी के द्वारा किया गया।

## जिला माहेश्वरी सभा नीमच की बैठक आज

**जावद।** नीमच जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आज दिनांक 7 जून 2026, रविवार को माहेश्वरी भवन नीमच में जिला साधारण सभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नीमच जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष सुनील गगरानी व सचिव अनिल दरक ने बताया कि सत्र 2023 से 2026 के बीच नीमच जिले में जो भी माहेश्वरी चार्टर्ड अकाउंटेंट बने, मेडिकल फील्ड में डॉक्टर बने, द्धद्धञ्ज से इंजीनियरिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की या अन्य किसी विशिष्ट क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि हासिल की हो ऐसे होनहार नवयुवकों, युवतियों को इस सभा में सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मनासा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू एवं अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के कार्यसमिति सदस्य एवं संयुक्त मंत्री जगदीश कोगटा भीलवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## हेमलता अग्रवाल होंगी नीमच की नई एडिशनल एसपी

**नीमच।** मध्य प्रदेश शासन ने पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) के तबादले किए हैं। शुक्रवार शाम गृह विभाग द्वारा जारी सूची में प्रदेश के करीब 66 एएसपी के नाम शामिल हैं। इसी क्रम में नीमच जिले को नई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मिली हैं।



**हेमलता अग्रवाल संभालेंगी जिम्मेदारी:** आदेश के अनुसार, वर्तमान में उज्जैन रेंज में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अजाक) के पद पर पदस्थ हेमलता अग्रवाल को नीमच का नया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वर्ष 2012 बैच की राज्य पुलिस सेवा अधिकारी हेमलता अग्रवाल जल्द ही नीमच पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण करेंगी। वहीं, नीमच में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया का तबादला रीवा कर दिया गया है। वर्ष 2006 बैच के अधिकारी सिसोदिया को अब उप सेनानी, 9वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (वि.स.बल), रीवा के पद पर पदस्थ किया गया है।

गृह विभाग की ओर से जारी तबादला सूची के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों और इकाइयों में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस प्रशासनिक बदलाव को पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण : 9 जून को विशेष अभियान

**नीमच।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 जून को प्रदेश सहित जिले में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस दिवस सुरक्षित मातृत्व सेवाओं का विस्तार आयुष्मान आरोग्य मंदिर तक किया जाएगा।

**गुणवत्तापूर्ण मातृत्व सेवाओं का एक दशक:** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात सेवाएं प्रदान करने हेतु जून 2016 में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया था। विगत 10 वर्षों से इस अभियान के माध्यम से उल्लेखनीय सेवाएं प्रदाय की गईं, जिसके कारण कई गर्भवती महिलाओं का गर्भावस्था के प्रथम त्रैमास में पंजीयन होने से उच्च जोखिम का पता लगाकर, प्रबंधन किया जा सका तथा उनका सुरक्षित प्रसव कराया गया है।

**ग्राम स्तर तक पहुंचेगी सेवा:** डॉ. प्रसाद ने बताया, कि 9 जून को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस होने से ग्राम स्तर पर ही गर्भवती महिलाओं को सेवाएं प्राप्त होंगी। इस दिन जिले के हायर सेंटर के साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सीएचओ, एएनएम के माध्यम से गर्भवती एवं प्रसवोत्तर महिला की पूरी एएनसी प्रोफाइल जांच की जाएगी।

## एक नजर

### संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती पर हुआ मंथन

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रशिक्षण और कार्यकारिणी बैठक

**नीमच।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा शनिवार को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन, नीमच में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के पदाधिकारी, नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति तैयार करना रहा। जिला अध्यक्ष राकेश जावरिया ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी की यह पहली बैठक थी। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, जनसंपर्क और बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति विभाग का लक्ष्य पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार करना है। इसके लिए जल्द ही पंचायत एवं गांव स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएंगी तथा नियमित बैठकें और कैडर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राकेश जावरिया ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज का बड़ा वोट बैंक विभिन्न राजनीतिक दलों में विभाजित है। कांग्रेस का प्रयास है कि समाज के लोगों को पार्टी की नीतियों और विचारधारा से जोड़कर पुन: कांग्रेस के साथ जोड़ा जाए। प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल कदम, मनोहर आंब एवं महेश बिरवाल ने संगठन संचालन, कार्यकर्ता समन्वय, जनसंपर्क तथा पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

